श्री बंशीधर नगर, रविवार
16.02.2025
फाल्गुन कृष्णपक्ष चतुर्थी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 173

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:34 बजे
अस्त - 05:44 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 31 डिग्री से.
न्यूनतम : 14 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार
www.banshidharnews.com

अपनी प्रस्तुती से बच्चों ने मोहा मन >> पेज 03
अपने शानदार प्रदर्शन के लिए कृति सेनन तैयार >> पेज 04

### सुविचार

यदि हमें इस संसार के दुखों से छुटकारा पाना है तो हमें ही रास्ता खोजना होगा

### न्यूज अपडेट्स

#### झारखंड में 20 से होगी बारिश

**रांची।** राज्य भर में फिर से ठंड लौटनेवाली है। मौसम के मिजाज में बदलाव से 20 और 21 फरवरी को कई जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। यह जानकारी मौसम विभाग ने शनिवार को दी है। विभाग के अनुसार 18 और 19 फरवरी को सुबह में हल्का कुहासा रहेगा। इसके बाद दिन भर आंशिक बादल छाये रहेंगे। बारिश के बाद तापमान में गिरावट होने की संभावना है। वहीं शनिवार को रांची समेत पूरे राज्य भर में मौसम साफ रहा। उत्तरी पश्चिमी हवा के चलते धूप में नरमी महसूस की गई। रांची में अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री, जमशेदपुर 31.4 और 11.6 डिग्री, डालटेनगंज में 30.2 और 10.6 डिग्री, बोकारो में 30.1 और 10.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

#### के. राजू बने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी

**रांची।** कांग्रेस के अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विभागों के राष्ट्रीय समन्वयक के. राजू (कोप्पुला राजू) को झारखंड प्रदेश कांग्रेस का नया प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार देर रात अधिसूचना जारी की है। के. राजू प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर का स्थान लेंगे। गुलाम अहमद मीर लोकसभा चुनाव के ठीक पहले 23 दिसंबर 2023 को झारखंड के प्रदेश प्रभारी बनाए गए थे।

**हादसा** महाकुंभ की दो ट्रेनों के रद्द होने से भीड़ हुई बेकाबू, मृतकों को मुआवजे की घोषणा

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में भीड़ के कारण शनिवार रात अचानक भगदड़ मच गई। हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं 12 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। भारतीय रेलवे की तरफ से मृतक परिजनों की आर्थिक मदद की घोषणा की गई है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित सभी प्रमुख हस्तियों ने मरने वालों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। शनिवार रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 12, 13, 14, 15 और 16 पर भारी भीड़ के कारण यह हादसा हुआ। दिल्ली पुलिस ने 18 लोगों की मौत की पुष्टि की है जिनमें 14 महिलाएं हैं। एलएनजेपी अस्पताल में 15 और लेडी हार्डिंग अस्पताल में 3 लोगों को मृत घोषित किया गया।



#### मृतकों की पहचान

बक्सर बिहार निवासी आहा देवी (79) , संगम विहार दिल्ली निवासी पिंकी देवी (41), सरिता विहार निवासी शीला देवी (50), बवाना दिल्ली निवासी व्योम (25), बिहार निवासी पूनम (40), बिहार निवासी ललिता देवी (35), मुजफ्फरपुर बिहार निवासी सुरुचि (11), समस्तीपुर बिहार निवासी कृष्णा देवी (40) समस्तीपुर बिहार निवासी विजय साह (15), वैशाली बिहार निवासी नीरज (12), नवादा बिहार निवासी शांति देवी (40), नवादा बिहार निवासी पूजा (8), भिवानी हरियाणा निवासी संगीता मलिक (34), महावीर एन्क्लेव निवासी पूनम (34), नांगलोई दिल्ली निवासी ममता झा (40), सागरपुर दिल्ली निवासी रिया सिंह (7), बिजवासन दिल्ली निवासी बेबी (24) और नांगलोई दिल्ली निवासी मनोज (47) के रूप में हुई है।

#### आर्थिक मदद

भारतीय रेलवे ने मृतक परिजनों के लिए आर्थिक मदद की घोषणा की है। प्रत्येक मृतक परिजन को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को ढाई लाख और मामूली रूप से जख्मी लोगों को एक-एक लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

#### अचानक मची भगदड़

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में बीती देर हुए हादसे योगेश ने मिश्रा ने बताया कि उनकी ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 15 में थी। एसी-2 की टिकट ली थी। लेकिन, भीड़ इतनी ज्यादा थी कि किसी भी बोगी में पैर रखने की जगह नहीं थी। सब लोग एक-दूसरे के ऊपर चढ़ रहे थे। उन्होंने बताया कि रेल के बाथरूम में भी लोग भरे हुए थे। कुछ ही दूरी पर खड़ी बिमला देवी ने बताया क उनके पति हार्ट के मरीज हैं। उन्हें आखिरी बार 10 बजे देखा था, उसके बाद से उनसे कोई संपर्क नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि न पुलिस सहयोग कर रही है न ही रेल प्रशासन। उन्होंने कहा कि वह तीन से चार चक्कर अस्पताल से लेकर यहां तक काट चुकी हैं। वह घबराकर कहती हैं कि कोई उनकी मदद करें। राकेश रावत ने बताया कि दिल्ली में रनहौला में रहते है। दो महीना पहले ही उन्होंने टिकट बुक करवाई थी। रात में वह परिवार के चार सदस्यों के साथ स्टेशन में आए थे। वह 14 नंबर प्लेटफार्म के पास खड़े थे, तभी अचानक से सौ के करीब लोग भागने लगे, लोग चिल्ला रहे थे, ट्रेन इस प्लेटफार्म में नहीं दूसरी जगह आनी वाली है। रावत ने बताया कि सिर्फ पांच मिनट के अंदर पूरी घटना हो गई। उन्होंने कई बच्चों को भगदड़ में नीचे गिरते हुए देखा था।

#### घटना के बाद इलाके की घेराबंदी

नई दिल्ली स्टेशन पर भीड़ का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता हादसे के बाद चारों तरफ अफरातफरी मच गई। जिस दौरान घटना हुई उस दौरान कई ट्रेन प्रयागराज की तरफ जाने वाली थी। घटना से अनजान लोगों का स्टेशन पर आने का सिलसिला जारी था। लोगों की संख्या बढ़ने लगी, जिसे देखते हुए नई दिल्ली स्टेशन की ओर आने वाले सभी मार्ग को बंद कर दिया गया और वाहनों को स्टेशन पर आने से रोक दिया गया। ट्रेन में सवार नहीं होने वाले के साथ साथ कई लोग खुद ही भीड़ को देखते हुए स्टेशन से बाहर निकलने लगे।


## हथियार के साथ पांच अपराधी गिरफ्तार

**लातेहार।** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के बुकरू गांव के पास पुलिस ने छापेमारी कर पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। अपराधियों के पास से एक देशी पिस्तौल और जिंदा गोली भी बरामद हुई है। गिरफ्तार अपराधियों में बालूमाथ निवासी मोहन गंझु, सागर तुरी, चंदवा निवासी कुलदीप गंझु, चंदू, रांची निवासी लक्ष्मण गंझू शामिल है। शनिवार को प्रेस वार्ता करते हुए बालूमाथ डीएसपी विनोद रवानी ने बताया कि लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि शोषण मुक्ति संगठन नाम के आपराधिक संगठन बनाकर कुछ अपराधियों के द्वारा ठेकेदारों और ईंट भट्ठा संचालकों से रंगदारी की मांग की जा रही है। इसी बीच पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि सभी अपराधी बालूमाथ के बुकरू गांव के पास जमे हुए हैं और किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के बाद इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ और थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाई और सभी पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से एक हथियार और जिंदा गोली भी बरामद किया ।साथ ही जिस मोबाइल से लेवी के लिए धमकी दी जाती थी, उस मोबाइल को भी जब्त किया गया। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में से कुछ का आपराधिक इतिहास भी रहा है।



# छोटे और पारंपरिक समाधान को भी आजमाएं युवा : राष्ट्रपति

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि हमारा युग प्रौद्योगिकी का युग है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई प्रगति ने हमारे जीने के तरीके को बदल दिया है। कल तक जो अकल्पनीय था, वह आज वास्तविकता बन गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष और भी अधिक नाटकीय होते जा रहे हैं, जिसमें विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में दूरगामी प्रगति की उम्मीद है। चूंकि एआई तेजी से अर्थव्यवस्थाओं को बदल रहा है, इसलिए भारत सरकार उभरते परिदृश्य पर प्रतिक्रिया देने में तत्पर रही है। उच्च शिक्षा संस्थानों में एआई को एकीकृत करने के लिए कई पहल की जा रही है। राष्ट्रपति शनिवार को बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआइटी) मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि चूंकि प्रौद्योगिकी समाज में बड़े व्यवधान पैदा करती है, इसलिए हमें हाशिए पर पड़े समूहों पर इसके प्रभाव के बारे में चिंतित रहना चाहिए। जो महान अवसर पैदा किए जा रहे हैं, वे सभी के लिए उपलब्ध होने चाहिए, जो महान परिवर्तन लाए जा रहे हैं, उनसे सभी को लाभ होना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि अक्सर हमारे आसपास की समस्याओं के लिए किसी बड़े तकनीकी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होती है। उन्होंने युवा छोटे और पारंपरिक समाधान को भी ना भूलें बल्कि उसे भी आजमाने की जरूरत है। युवा छोटे पैमाने के पारंपरिक समाधानों के महत्व को न भूलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नवोन्मेषकों और उद्यमियों को पारंपरिक समुदायों के ज्ञान के आधार को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि प्लेटिनम जुबली इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और संबद्ध क्षेत्रों में शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में बीआईटी मेसरा के योगदान का जश्न मनाने और सम्मान करने का एक उपयुक्त अवसर है।



झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि राष्ट्रपति के आगमन से राज्यवासियों में उत्साह है। उन्होंने बीआईटी मेसरा की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि इस संस्थान ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है और विद्यार्थियों की सोच को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि बीआईटी मेसरा न केवल इंजीनियरिंग और प्रबंधन में बल्कि सामाजिक समावेशिता की दिशा में भी कार्य कर रहा है। यहां संचालित पॉलिटेक्निक संस्थान विशेष रूप से आदिम जनजातियों सहित आरक्षित श्रेणियों के छात्रों को तकनीकी शिक्षा और व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान कर रहा है, जो रोजगार और उद्यमिता के बेहतर अवसर की दिशा में सहायक हैं।

मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि बीआईटी मेसरा सबसे अधिक मांग वाला संस्थान बना हुआ है और इसका श्रेय इसके प्रबंधन, संकाय, पूर्व छात्रों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से उन छात्रों को जाता है जो यहां अपनी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

सीके बिरला ग्रुप के चेयरमैन ने कहा कि हमारे पास 20 से अधिक विषय हैं, जिनमें 10,000 से अधिक स्टूडेंट्स और 600 से अधिक फैकेल्टी सदस्य हैं, और हमें दुनिया भर में 50,000 मजबूत एल्यूमनी नेटवर्क पर गर्व है।


समारोह का मुख्य आकर्षण राष्ट्रपति मुर्मु और राज्यपाल गंगवार द्वारा एक विशेष स्मारक रजत पदक, डाक टिकट और लिफाफा जारी करना था, जो शिक्षा, इनोवेशन और राष्ट्र निर्माण में इंस्टीट्यूट के उल्लेखनीय योगदान का प्रतीक है। समारोह में 780 एकड़ के परिसर में पौधरोपण और राष्ट्रपति द्वारा रिसर्च एग्जीबिशन का उद्घाटन जैसी गतिविधियां भी शामिल थीं। मौके पर बीआईटी के सैकड़ों छात्र और शिक्षक सहित कई लोग मौजूद थे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम में शामिल होने के बाद एयरपोर्ट पहुंची और विशेष विमान से नई दिल्ली के लिए रवाना हो गयी।

## रांची के स्कूलों के बच्चों का प्रोफाइल अपडेट नहीं

# 1.29 लाख बच्चों का भविष्य अधर में


**रांची।** शिक्षा विभाग की वेबसाइट यूडायस प्लस पर रांची जिले के 1711 स्कूलों ने एक लाख 29 हजार 91 बच्चों की प्रोफाइल को अपडेट नहीं किया है। इनमें सरकारी, निजी, मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक स्कूल, कल्याण विभाग की ओर से संचालित स्कूल, इंटर कॉलेज, 531 गैर मान्यता प्राप्त स्कूल शामिल हैं। इससे इन बच्चों का भविष्य अधर में पड. गया है। इस संबंध में उपर्युक्त स्कूलों को जिला शिक्षा पदाधिकारी की ओर से कई बार पत्र भेजा गया, लेकिन इन स्कूलों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया और इसे लेकर छह माह बीत गए।



जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा है कि सभी सरकारी और मान्यता प्राप्त निजी स्कूल इस संबंध में 18 फरवरी तक इन छूटे हुए बच्चों की प्रोफाइल अपडेट कर लें अन्यथा कक्षा आठ की परीक्षा में ये छूटे बच्चे शामिल नहीं हो पाएंगे।

वहीं ऐसे निजी स्कूलों की मान्यता समाप्त करने की कार्रवाई की बात कही गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी की ओर से कहा गया है कि बच्चों की प्रोफाइल अपडेट नहीं होने से शैक्षणिक सत्र 2025 26 के लिए जब वेबसाइट खोला जाएगा तो संबंधित स्कूलों के लॉगिन में उन्हीं बच्चों का नाम शो होगा, जिनकी प्रोफाइल 2024-25 में अपडेट किया हुआ है और पीईएन नंबर भी उन्हीं बच्चों का शो करेगा। साथ ही कहा गया है कि यदि भविष्य में किसी बच्चे के पीईएन नंबर या आपार आईडी से संबंधित समस्याा होने पर उनके स्कूल ही जिम्मेवार होंगे।

# 55 दिनों से जारी अनिश्चितकालीन धरना 15 दिनों के लिये स्थगित



**भवनाथपुर :** क्रशिंग प्लांट की नीलामी के बाद प्लांट कटिंग के विरोध में विस्थापित संघर्ष समिति द्वारा सेल के प्रशासनिक भवन के समीप पिछले 55 दिनों से जारी अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को आगामी 15 दिनों के लिये स्थगित कर दी गई है। उक्त आशय की जानकारी विस्थापित संघर्ष समिति के मुख्य संरक्षक सुशील कुमार चौबे ने शनिवार को पहाड़ी शिवमंदिर के प्रांगण में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने कहा कि जारी धरना के दौरान श्री बंशीधर नगर एसडीओ के ज्ञापांक 37 दिनांक 13 फरवरी 2025 पत्रांक 366 के आलोक में निर्देश दिया गया है कि सेल के प्रशासनिक भवन के सड़क को आंदोलनकारियों द्वारा अवरुद्ध किया गया है। पत्र प्राप्ति के पश्चात 15 दिनों के लिये अनिश्चितकालीन धरना को स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है। कहा कि अब सांसद, वर्तमान विधायक एवं पूर्व विधायक एशिया का सबसे बड़ा क्रेशर प्लांट को कैसे बचाते हैं उनकी जवाबदेही है। कहा कि सेल के वरीय पदाधिकारियों द्वारा चल रहे धरना प्रदर्शन के समाप्त कराने को लेकर किसी प्रकार से गंभीरता से विचार विमर्श नहीं किया जा रहा है। सेल प्रबंधन उदासीन रवैया के चलते अगर भविष्य में विस्थापित संघर्ष समिति का धरना प्रदर्शन उग्र होता है और क्षेत्र में विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है तो इसकी पूरी जवाबदेही सेल प्रबंधन को भुगतना होगा। सेल प्रबंधन भरतपुर खदान समूह को निर्देश दिया गया है कि विस्थापित संघर्ष समिति भवनाथपुर खदान समूह मांगों पर निर्णय लेने को लेकर बोकारो स्टील प्लांट बोकारो के चीफ जनरल मैनेजर एवं अन्य सक्षम पदाधिकारी को सूचित करते हुये उक्त धरना प्रदर्शन को यथाशीघ्र समाप्त करने हेतु कार्रवाई करने का निर्देश प्राप्त है। परंतु धरना प्रदर्शन के 54 दिन बीत जाने के बाद भी धरना प्रदर्शन समाप्त करने हेतु चल प्रबंधन के पदाधिकारी द्वारा किसी प्रकार का पहला नहीं किया गया। इससे परियोजना प्रभावित परिवार व तुलसीदामर डोलोमाईट खदान के मजदूरों में काफी असंतोष तथा आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि अगामी 15 दिनों के भीतर विस्थापित संघर्ष समिति द्वारा समर्पित मांग पत्र के आलोक में सेल के वरीय पदाधिकारियों को बुलाकर मांगों को पूर्ण कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित नहीं किया गया तो बाध्य होकर आगामी 5 मार्च दिन बुधवार से पूर्ण समर्पित मांगों के आलोक में धरना प्रदर्शन प्रारंभ कर दी जायेगी। मौके विस्थापित संघर्ष समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र साह, संगठन सचिव नंदलाल पाठक, अजय राम, दीपक जायसवाल, शंभू राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### महिला ने की फांसी लगाकर आत्महत्या, पति गिरफ्तार

**कांडी :** थाना क्षेत्र अंतर्गत घटहुआं कला गांव निवासी रोहित कुमार बैठा की 22 वषीर्या पत्नी लक्ष्मी देवी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के दौरान परिजन खेत में काम करने गये थे। मृतका का पति घर पर पहुंचा तो देखा कि घर के एक कमरे का दरवाजा बंद है। रौशनदान से झांक कर देखा तो छत में लगे सीलिंग फैन के हुक से मृतका का शव झूल रहा था। जानकारी के अनुसार कुछ लोगों ने बताया कि जिस फैन के हुक में फांसी के बारे में बताया गया उस तक पहुंचने के लिये कोई साधन नहीं था। वहीं परिजनों के द्वारा दरवाजा का कुंडी तोड़ कर फांसी के फंदे से उतारा तब तक लक्ष्मी की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने फोन के माध्यम से मृतका के मायके वालों को घटना की सूचना दी। घटना की सूचना थाना प्रभारी अविनाश राज को मिला। उसके बाद थाना एसआई विद्यासागर व एएसआई शम्भू कुमार अपने दल-बल के साथ पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की।पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी अविनाश कुमार राज ने बताया कि मृतका की मां लालती देवी पति संजय रजक ने आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री का ससुराल वालों ने मिलकर हत्या कर दी है। आवेदन के माध्यम से दामाद रोहित कुमार बैठा, उसके पिता बीरबल बैठा, माता आशा देवी एवं बहन आरती कुमारी को आरोपी बनाया गया है। आवेदन के आधार पर प्राथमिक अभियुक्त रोहित कुमार बैठा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया गया है। आगे मामले की तहकीकात की जा रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व के वारंटी युगेश मेहता को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**अपराध** ▶ विवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत, ससुराल वालों पर आरोप

# पुलिस ने पति, ससुर व भसुर को हिरासत में लिया

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** मेराल थाना क्षेत्र के अकलवानी गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मायके वालों ने ससुराल वालों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुये पुलिस से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मेराल थाना क्षेत्र के अकलवानी गांव में शुक्रवार की रात्रि में दो बच्चों की मां की मौत सन्देहास्पद स्थिति में हुई है। शनिवार की सुबह में मृतक के मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिये मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। इस बाबत मृतक चंचला देवी उम्र करीब 38 वर्ष के भाई श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के झरिया गांव निवासी मुकेश चौबे ने मेराल थाना में आवेदन देकर कहा है कि अकलवानी गांव निवासी सतीश मिश्रा का पुत्र विवेक चौबे से उसकी बहन की शादी 2014 में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार दान दहेज देकर की गई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वालों द्वारा और दहेज के लिये उसे प्रताड़ित किया जाने लगा था। बाद में भी मैं तथा मेरे भैया द्वारा बहन के ससुराल वालों को पैसा दिया था और अपने स्तर से सुलह समझौता करने का प्रयास किया था। बावजूद बहन को उसके पति, सास-ससुर तथा घर के अन्य लोगों द्वारा लगातार मारपीट तथा घरेलू प्रताड़ना (खाना नहीं देना) किया जाता रहा। 15 फरवरी की रात्रि 12:41 बजे विवेक मिश्रा द्वारा मेरे छोटे भाई के मोबाईल पर बहन चंचला की मौत होने की सूचना दी गई। मुकेश ने उक्त मामले में मृतक के पति विवेक मिश्रा, ससुर सतीश मिश्रा, सास भारती देवी, भसुर राजू मिश्रा, जेठानी रानी देवी, देवर विशाल मिश्र एवं उसकी पत्नी पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुये मेराल थाने में प्राथमिक की दर्ज कराकर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी विष्णु कांत पुलिस बल के साथ मृतिका के घर पहुंच कर घटना की जानकारी ली तथा महिला पुलिस से शव का निरीक्षण कराया। शरीर पर मारपीट का चिन्ह पाये जाने पर त्वरित कार्रवाई करते हुये पति विवेक मिश्रा, ससुर सतीश मिश्रा तथा भसुर राजू मिश्र को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिये थाना लाया गया। पुलिस सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। बाद में मृतक महिला के मायके से बड़ी संख्या में लोग अकलवानी पहुंच गये तथा पुलिस के समक्ष आक्रोश व्यक्त करते हुये दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस द्वारा अंत्य परीक्षण के लिये शव को सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया।

## श्री शतचंडी महायज्ञ के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने की यज्ञशाला की परिक्रमा

बंशीधर न्यूज



**केतार :** मां चतुभुर्जी मंदिर परिसर में आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा कर पूजा अर्चना की। सायं काल में कथावाचिका देवी प्रतिभा ने शुकदेव जी के जन्म की वृतांत का विस्तार से वर्णन किया। कथा वाचक बांके बिहारी महाराज राधे सरकार ने कथा की शुरूआत करते हुये कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है। जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे है। श्रीमद भागवत कथा का रसपान कर पा रहें हैं, क्योंकि जिन्हें गोविंद प्रदान करते हैं जितना प्रदान करते हैं उसे उतना ही मिलता है। कथा में यह भी बताया कि अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं, कुछ सीखना चाहते हैं तो कथा में प्यासे बन कर आये, कुछ सीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं, तो ये भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ देगी। भागवत कथा का दूसरा दिन प्रभु से बढ़कर कोई और सुख और सम्पदा नहीं, भागवत कथा श्रवण करने वालों का सदैव कल्याण होता है। मनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिये नहीं मिला है, लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है। उसका सारा ध्यान संसारिक विषयों को भोगने में ही लगा हुआ है। मौके पर राजीव रंजन तिवारी, मंदिर विकास समिति अध्यक्ष प्रमोद कुमार, प्रमोद शुक्ला, रामविचार साहू, सुरेश कुमार, राजकुमार पाठक, कुंडल सिंह, त्रिपुरारी सिंह, जयशंकर प्रसाद, दिलीप गुप्ता, उदयकांत विश्वकर्मा, लल्लू पाल आदि उपस्थित थे।

## इंटर की परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण



**कांडी :** प्रखंड के दो परीक्षा केंद्र पर शनिवार को इंटरमीडिएट की परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। प्लस टू हाईस्कूल कांडी सेंटर पर कला संकाय में 464 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुये। जबकि दो अनुपस्थित रहे। विज्ञान संकाय में 17 व वाणिज्य संकाय में 1 परीक्षा लिखे। सोनभद्र आदर्श इंटर कॉलेज सेंटर पर कला संकाय में 364 उपस्थित थे। जबकि 2 अनुपस्थित थे। विज्ञान संकाय में 171 परीक्षा लिखे। जबकि 1 अनुपस्थित थे। उधर शोनभद्र आदर्श इंटर कॉलेज सेंटर पर आज एक कैदी जेल से आकर इंटर की परीक्षा में शामिल हुआ। वह पुलिस की निगरानी में परीक्षा लिखा।

## नाली के अभाव में सड़क पर बह रहा है नाली का पानी



**मझिआंव :** नगर पंचायत के ब्लॉक रोड में पांडेय पेट्रोल पंप के समीप ढलान पर नाली के अभाव में घरों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जिस कारण आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में लोगों का कहना है कि पास में ही शिव मंदिर एवं दुर्गा मंदिर है और पूजा अर्चना करने के लिये जाते समय उक्त रास्ते से गुजर कर मंदिर जाना पड़ता है। इस दौरान सड़क पर बह रहा घरों का गंदा पानी शरीर पर पड़ने की संभावना लगी रहती है। साथ ही मुख्य पथ होने के कारण पूरे दिन वाहनों का परिचालन होता रहता है और बगल से गुजरते समय गंदे पानी के छिंटे पड़ने का भय लगा रहता है। लोगों ने नगर पालिका के कार्यपालक पदाधिकारी से नाली निर्माण कराने की मांग की है। इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि पेट्रोल पंप तक नाली बनाई जा चुकी है। उससे आगे नाली बनाने के लिये नगर विकास विभाग को प्रपोजल भेजा जा चुका है। स्वीकृति आते ही नाली निर्माण शुरू करा दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि ब्लॉक रोड में शिव मंदिर से पूर्व में मुख्य पथ में पहले भी कई बार नगर पालिका से नाली निर्माण की कोशिश की गई थी लेकिन स्थानीय लोगों के विवाद के कारण नही बना था, लेकिन मेरे पहल पर इस वर्ष नाली बन गई है और उसके आगे भी जल्द ही इसकी स्वीकृति मिल जायेगी।

## फेयर माईन के खुलने से लोगों को मिलेगा रोजगार : राजीव कुमार सिंह

# मंत्री राधाकृष्ण किशोर व सांसद करेंगे उद्घाटन

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के पंडवा प्रखंड मुख्यालय कस्बे में रविवार से कोयले का व्यवसायिक उत्पादन शुरू होगा। इससे प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार के अवसर विकसित होंगे। फेयर माईन कार्बन प्राईवेट लिमिटेड नामक कंपनी आवंटित कोल ब्लॉक राजहरा नार्थ कोल माइंस का उद्घाटन कराने के बाद उत्पादन शुरू करेगी। प्रदेश के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और पलामू के सांसद वीडी राम कोल माइंस का उदघाटन करेंगे। कंपनी के निदेशक राजीव कुमार सिंह और राजीव शेखर ने शनिवार को मेदिनीनगर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि केंद्र सरकार द्वारा कंपनी को आवंटित कोल ब्लॉक अपने तय समय से दस माह पूर्व ही शुरू होने जा रहा है, जो पलामू समेत राज्य के विकास के लिये शुभ संकेत है। इस कोल ब्लॉक से सरकार को लगभग एक सौ करोड़ राजस्व मिलने के साथ ही स्थानीय स्तर पर हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेगा। फेयर माइन कार्बन प्राईवेट लिमिटेड के खुल जाने से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 1000 लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि पलामू के लोग बेरोजगारी पलायन का दस झेलते रहते हैं इस तरह के माइंस खुलने से लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि माइंस चालु कराने में जिला प्रशासन के साथ साथ स्थानीय लोगों से भरपूर सहयोग मिला। मौके पर डीजीएम यशवंत कुमार, अशोक मिश्रा, रौशन कुमार, विजय कांत झा, आनंद कुमार उपस्थित थे।

## झामुमो नेताओं ने दी सहायता



**रमना :** प्रखंड मुख्यालय के गोसाईबाग टोला निवासी सुरेश राम 55 वर्ष के आकस्मिक निधन के बाद झामुमो कार्यकताओं ने मृतक के घर पहुंचकर शोक जताया। वहीं श्राद्ध कार्य हेतु खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराया। उस मौके पर झामुमो कार्यकताओं ने कहा कि विधायक अनंत प्रताप देव के निर्देश पर उक्त राहत सामग्री पहुंचाई गई है। साथ ही कहा कि मृतक के परिजनों के साथ पार्टी पूरी तरह हर संभव मदद के लिये तैयार है। विदित हो कि सुरेश राम पिछले कई महीनों से बीमार चल रहे थे। मौके पर रोहित वर्मा, अनुज कुमार, बिरंची पासवान, संदीप कुमार, मुन्ना पासवान, मुना प्रसाद, सोनू सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रमंडलस्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी 19 को

**मेदिनीनगर :** शिवाजी मैदान में 19 फरवरी को प्रमंडलस्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस आयोजन को लेकर शनिवार को डीसी शशि रंजन ने समाहरणालय सभागार में पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कई दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसान मेला-सह-प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को कृषि के क्षेत्र में विकसित नवाचारों की जानकारी मिले इस दिशा में सक्रियता से तैयारी करना सुनिश्चित करें। डीसी ने कहा कि मेला में किसान एक-दूसरे किसानों द्वारा उत्पादित सब्जी एवं अन्य उत्पाद के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। वहीं पशुपालक किसान भी उन्नत नस्ल के पशुओं के बारे में जान-समझ सकेंगे।

# डीसी ने की कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक, दिया आवश्यक निर्देश



बंशीधर न्यूज

गढ़वा : डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में कल्याण विभाग के तहत आमजनों के लिये चलाये जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का समीक्षात्मक बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से कल्याण विभाग से चलाये जा रहे विभिन्न करीब 17 योजनाओं का समीक्षा किया गया एवं लक्ष्य प्राप्ति के लिये सक्रियता के साथ कार्य करते हुये लंबित योजना में आ रही समस्याओं का निराकरण करते हुये ससमय निष्पादित करने का निर्देश जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश समेत बैठक में उपस्थित विभिन्न प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों एवं सहायक अभियंताओं तथा कनीय अभियंताओं को दिया। बैठक के दौरान मुख्य रूप से प्री-मैट्रिक छात्रवृति, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति, साईकिल वितरण, बिरसा आवास, धुमकुड़िया भवन का निर्माण, वन अधिकार अधिनियम-2006, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सरना घेराबन्दी, कब्रिस्तान घेराबन्दी, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रावास जीर्णोद्धार, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, शहीद ग्राम विकास योजना, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय निर्माण आदि की समीक्षा की गई। डीसी ने प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना के तहत गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष के तहत अब तक बचे योग्य लाभुकों के खाते में स्कॉलरशिप की राशि सभी आवश्यक जांच करते हुये डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार साईकिल वितरण योजना के तहत भी शेष योग्य लाभुक जिनको साईकिल योजना का लाभ अभी तक नहीं मिल सका उनके बीच शीघ्र साईकिल वितरित करने का निर्देश दिया। जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने ऐसे सभी लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु सभी का भौतिक सत्यापन करते हुये अग्रेतर कार्रवाई करने की बात कही। डीसी श्री जमुआर ने विभिन्न योजनाओं में लाभुकों को अब तक किये गये भुगतान राशि का किस्त वार स्पष्ट प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिये जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन विकास योजना समेत विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के कंप्लीशन आदि की समीक्षा करते हुये वर्तमान वित्तीय वर्ष के समाप्ति के पूर्व कार्य संपन्न करने को लेकर निर्देशित किया।

## न्यूज अपडेट्स

### झारखंड कांग्रेस को मिलेगा के राजू जी के अनुभव का लाभ : हृदयानंद

**मेदिनीनगर :** कांग्रेस नेता के राजू को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रभारी नियुक्त होने पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह झारखंड हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य हृदयानंद मिश्र (एडवोकेट) ने खुशी जाहिर करते हुये कहा कि पार्टी को उनके अनुभवों का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि के राजू के कांग्रेस के प्रति समर्पण ने ही उन्हें आईएएस की नौकरी से 2013 में त्यागपत्र देकर कांग्रेस पार्टी में अपने आपको समर्पित कर दिया है। श्री मिश्र ने बताया कि के राजू अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति के चेयरमैन रह चुके हैं तथा राहुल गांधी के कार्यालय में रहकर देश के लोगों की समस्याओं को दूर करते हुये कांग्रेसजनों का उत्साहवर्धन किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी को उनकी दूरदर्शिता एवं सांगठनिक अनुभव से झारखंड में कांग्रेस को एक नई दिशा मिलेगी तथा प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ समन्वय से झारखंड कांग्रेस कमेटी का चतुर्दिक विकास होगा और एक नया प्रतिमान स्थापित करेगा।

### बुजुर्ग से 94 हजार रुपया ले उड़े बाइक सवार

**लेस्लीगंज :** प्रखंड के अमवा खुर्द निवासी गया राय से 94 हजार रुपये छिनतई का मामला सामने आया है। थाने में दिये गये लिखित आवेदन के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के ग्राम अमवा पोस्ट फुलांग थाना लेस्लीगंज निवासी गया राय शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक से चेक के माध्यम से 94 हजार रुपये निकाल कर जैप 8 रोड में स्थित पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल भरवा कर मेदिनीनगर जा रहे थे। जैसे ही लगभग 200 मीटर मेदिनीनगर की ओर बढ़े तो अचानक पल्सर बाइक से दो अपराधी जो हेलमेट लगाये थे पैसे से भरा बैग को छीन कर भाग निकले।

## उत्सव

### एमके इंटरनेशनल स्कूल में 'उमंग-2025' का हुआ भव्य आयोजन

# अपनी प्रस्तुति से बच्चों ने मोहा मन

बंशीधर न्यूज





**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर शहर के जंगीपुर स्टेशन रोड में स्थित एमके इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार की शाम में विद्यालय का तीसरा वार्षिकोत्सव उमंग 25 धूमधाम के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि गढ़वा के चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीष सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, सेवानिवृत्त प्रोफेसर बीडी सिंह एवं विद्यालय के निदेशक डॉ अभिमन्यु सिंह उर्फ सोनू ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज व अवधूत प्रियदर्शी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के निदेशक डॉ अभिमन्यु सिंह ने अतिथियों को बुके एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया। तत्पश्चात कक्षा नवम के अभिज्ञ सिंह, आभास कुमार, हर्ष प्रताप देव, प्रीति कुमारी, रिया मेहता, मुस्कान मिश्रा, प्रियांशी कुमारी, नर्गिस नाज, रितिका कुमारी एवं रिशु कुमारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उसके बाद स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मंत्रमुग्ध कर दिया।

### बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिये गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी जरूरी : डॉ मनीष

वार्षिकोत्सव को संबोधित करते हुये डॉ मनीष सिंह ने कहा कि बच्चों को गुणवान एवं संस्कारवान बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों के महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिये गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करनी चाहिये। उन्होंने एमके इंटरनेशनल स्कूल की प्रशंसा करते हुये कहा कि मुझे लगता है कि इन सब गुणों में यही स्कूल सबसे अव्वल दर्जे का है। जिस तरह स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बच्चों का मेहनत देखकर ऐसा लगता है की शिक्षक और छात्र काफी मेहनत करते हैं।

### अच्छी शिक्षा एवं संस्कार जीवन को नया रूप देता है : रतन सिंह

पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने कहा की शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के कौशल विकास के लिये सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन अत्यंत आवश्यक है। छात्रों को अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने चाहिये और उन्हें प्राप्त करने के लिये मेहनत को ही सफलता की कुंजी बनाना चाहिये। प्रो बीडी सिंह ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार इस जीवन को एक नया रूप देता है। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारी बनाने के लिये निरंतर प्रयासरत रहना चाहिये। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्गदर्शन की आवश्यकता है। इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा निखारना आसान होता है।

### 36 सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने दिखाई अद्भुत प्रतिभा

कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को बहुत ही यादगार बना दिया। कार्यक्रम में कुल 36 प्रस्तुतियां आयोजित की गई थी। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने झारखंड का प्रसिद्ध आदिवासी छउ नृत्य, एकल नृत्य और सामूहिक नृत्य करके दर्शकों का मन मोह लिया और उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। कई छात्र-छात्राओं ने ड्रामा, नाटक प्रस्तुत करके समाज के लोगों को जागरूक किया। हिंदू मुस्लिम एकता, देश भक्तों की वीरता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे संदेश संगीत और नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने दिया। वहीं पुलवामा हमले में शहीद जवानों को याद करते हुये बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत की तो एक अलग ही उत्साह नजर आया।

### कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डायरेक्टर मनीष कुमार सिंह, डिप्टी डायरेक्टर प्रीति सिंह, प्रिंसिपल डॉ राय रॉस, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अमृता सिंह, मैनेजर रविन्द्र नाथ शर्मा, सौरभ यादव, विजय कुमार गुप्ता, सुनील यादव, जितेंद्र यादव, अत्याशय, खुशबू प्रजापति, कुमारी मंगला पाल, अंतिमा यादव, कुमारी कंचन गुप्ता, हरेंद्र यादव, प्रिया चौबे, रीता जायसवाल, रेणुका कुमारी, सविता कुमारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा कुमारी एवं हर्ष प्रताप देव ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन अमृता सिंह ने की।

# खराब चापानलों एवं जलमीनारों को दुरुस्त करने का दिया निर्देश

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** डीसी शेखर जमुआर ने शनिवार को आगामी गर्मी को लेकर पेयजल की समस्या से निपटने को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की तथा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीसी ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के ईई, एई, जेई, जिला समन्वयक, सोशल मोबलाईजर तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जिले के सभी प्रखंडों में गर्मी के मौसम को देखते हुये चापानलों, जलमीनारों एवं पेयजल के अन्य स्त्रोतों की समुचित व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने को लेकर निर्देशित किया। साथ ही सभी प्रखंडों के लिये एक-एक चापानल की मरम्मती करने को लेकर वाहन संचालित करने का निर्देश दिया। डीसी ने जिला स्तर पर कंट्रोल रूम का अधिष्ठापन करने का निर्देश दिया तथा कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों के निष्पादन समय पर करने हेतु जिला स्तर पर वरीय पदाधिकारी नियुक्त करने की बात कही। साथ ही सभी निमार्णाधीन एसवीएस, एसवीएस क्लस्टर एवं एमवीएस योजनाओं का निर्माण कार्य समय पर पूर्ण कराने के लिये निर्देशित किया। डीसी ने कहा कि जिन क्षेत्रों में रनिंग वाटर में समस्याएं आ रही है वहां पेयजल की समुचित व्यवस्था के लिये अन्य विकल्प तलाशें। उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर ऐसे क्षेत्रों में पानी टैंकर समेत अन्य वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये ईई को निर्देशित किया। बैठक में ईई, अजय कुमार सिंह, सभी एई, जेई समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### जेईई मेंस में आरके पब्लिक की शिवानी सिन्हा ने लहराया परचम





**गढ़वा :** शहर के आरके पब्लिक स्कूल की छात्रा शिवानी सिन्हा ने जेईई-मेंस 2025 में सफलता का परचम लहराया है। शिवानी ने अपने लगन, परिश्रम और स्वध्याय से जेईई-मेंस 2025 में जेनरल ईडब्ल्यूएस में 97.83 प्रतिशत अंक लाकर सभी को गौरवान्वित किया है। वहीं स्कूल के पूर्व छात्र अभिषेक पाण्डेय ने भी 86.56 प्रतिशत अंक लाकर सफलता प्राप्त की है। इस सफलता पर स्कूल के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने हर्ष व्यक्त करते हुये दोनों को बधाई देते हुये उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह स्कूल के कर्मठ व योग्य शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि गढ़वा जैसे छोटे शहर के बच्चे भी बिना विशिष्ट कक्षा व विख्यात कोचिंग के सफलता के परचम लहरा रहे हैं।

### पर्यावरणविद कौशल ने पुलवामा हमले के छठी वर्षी पर उड़ीसा व झारखंड के विद्यालयों में पौधरोपण कर शहीदों को किया नमन

# सेना से सरहद व वनों से ब्रह्मांड की होती है सुरक्षा : डॉ कौशल

बंशीधर न्यूज



**लातेहार :** पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पुलवामा हमले में शहीदों के छठी बरसी पर उड़ीसा के बंडा मुंडा केंद्रीय विद्यालय व लातेहार के गारु स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ शहीदों के नाम थाईलैंड प्रजाति के आम के पौधे लगाते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस क्रम में उन्होंने स्कूल के सभी शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन व पौधा रोपण कर किया गया। जबकि समापन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया गया। उस मौके पर डॉ कौशल ने कहा कि देश की रक्षा में सेना और धरती और ब्रह्मांड की सुरक्षा में वनों का अहम योगदान होते हैं। इसलिये दोनों ही पूजनीय हैं। जिसके नाम पर पौधारोपण कर उन्हें याद किया गया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन रोकना है तो वनों को आग से बचाना होगा और किसानों को वृक्ष की खेती भी करनी होगी। तभी हम पर्यावरण व प्रकृति की रक्षा करने में कामयाब हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि वृक्ष खेती को अकाल व सुखाड़ का भय नहीं होता। पौधे किसानों के लिये उनके जीवन में फिक्सड डिपॉजिट का काम करता है। जिससे उनकी आर्थिक हालातों में भी सुधार आता है और दूसरी तरफ पर्यावरण व प्रकृति की भी सुरक्षा सुनिश्चित हो जाती है। प्रिंसिपल अमरपाल सिंह बराड़ व करोनोलिया ने कहा कि पर्यावरणविद डॉ कौशल के द्वारा इसके पहले भी उनके विद्यालय में पौधे लगाये गये हैं जो आज बड़े होकर फल फूल रहें हैं। उन्होंने पर्यावरणविद के कार्यों की काफी सराहना की। विद्यालय प्रबंधन की ओर से पर्यावरणविद को पुनः आने का आमंत्रण भी दिया गया। मौके पर कस्तूरबा विद्यालय के वार्डेन संगीता मंजुला टोप्पो, रेशमा लकड़ा, संजीत मिंज, विनीता कुमारी समेत प्रमुख लोग शामिल थे।

# पुलवामा के शहीदों को दी गयी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** प्रखंड मुख्यालय के नेनुआ मोड़ चौक पर शुक्रवार की शाम में सनराईज फैंस क्लब की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुये अमर जवानों को कैंडल जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही दो मिनट का मौन धारण कर उनके लिये भगवान से प्रार्थना की गई। मौके पर लोगों ने बताया कि शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। देश हमेशा उन सभी का ऋणी रहेगा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में थाना प्रभारी विष्णु कांत, मुखिया रामसागर महतो, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश कुमार चौबे, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपू महतो, प्रमोद कुमार, जितेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, सुधांशु शेखर, सियाराम, अजीत, ब्रजेश, नागेंद्र, अभिनव, अमित, राजेश, दीपक, नंदन, विवेक, सूरज, कृष्ण, पंकज, मनोज, मनीष, राहुल सहित कई युवा शामिल थे।




## आईफा अवार्ड्स का 25 वां संस्करण

# अपने शानदार प्रदर्शन के लिए कृति सेनन तैयार

**जयपुर।** भारतीय सिनेमा के वैश्विक धरोहर का सम्मान करते हुए आइफा अवॉर्ड्स का ऐतिहासिक सिल्वर जुबली संस्करण एक भव्य उत्सव होने वाला है। यह इवेंट 8-9 मार्च 2025 को राजस्थान के आकर्षक पिंक सिटी जयपुर में आयोजित होगा। जो सिनेमा की कला और सांस्कृतिक धरोहर का अद्वितीय संगम प्रस्तुत करेगा। आईफा 2025 में प्रदर्शन करने के बारे में कृति सेनन ने अपनी खुशी जाहिर की और कहा कि आईफा हमेशा मेरे दिल के करीब रहा है। यह वह मंच है जहां मैंने अपना पहला बड़ा सम्मान जीता था और सालों से यह मुझे अनगिनत खूबसूरत यादें देता रहा है। जयपुर, राजस्थान में ऐतिहासिक सिल्वर जुबली संस्करण में प्रदर्शन करना इस यात्रा को और भी खास बना देता है। आईफा की ऊर्जा और भव्यता वाकई अविस्मरणीय है और मैं मंच पर कुछ ऐसा पेश करने के लिए उत्साहित हूं । जिसे लोग कभी न भूलें। मेरी शुरूआत से लेकर अब तक जब मैंने अपनी पहली अवार्ड ट्रॉफी ली थी, से लेकर अब 25 सालों की जश्न मनाने तक, यह एक अद्भुत यात्रा रही है। मैं इस प्यार के लिए बेहद आभारी हूं और भारतीय सिनेमा के इस जादू को जयपुर की भव्यता में अपने फैन्स के साथ मनाने के लिए तैयार हूं।

## दूसरी बार मां बनने वाली है एक्ट्रेस इशिता दत्ता? एक्ट्रेस का पोस्ट चर्चा में



इशिता दत्ता और वत्सल सेठ बॉलीवुड और टीवी जगत के सबसे मशहूर रोमांटिक जोड़ी हैं। वत्सल सेठ ने फिल्म 'टार्जनः द वंडर कार' में अजय देवगन के बेटे की भूमिका निभाई थी। इशिता दत्ता फिल्म 'दृश्यम' में अजय देवगन की बेटी की भूमिका में नजर आईं। चर्चा है कि यह प्यारा जोड़ा जल्द ही दोबारा माता-पिता बनेगा। यह चर्चा इशिता के वैलेंटाइन डे पर किए गए पोस्ट के कारण शुरू हुई है। इशिता दत्ता ने अपने पति वत्सल के साथ एक प्यारी तस्वीर शेयर की। इसमें वह ऑफ शोल्डर रेड गाउन में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। वत्सल सफेद शर्ट और काले सूट बूट में बेहद आकर्षक लग रहे हैं। उन्होंने एक दूसरे के साथ रोमांटिक पोज देते हुए फोटोशूट कराया। इन तस्वीरों के साथ इशिता ने कैप्शन में लिखा, ₹हमने 9 साल की जान-पहचान, 8 साल का प्यार और 1 छोटा सा प्यार जो हमने बनाया। अब जल्द ही हमारा दिल फिर से ग्रो करने वाला है। एक वैलेंटाइन पोस्ट तो बनता है वत्सल सेठ। 34 वर्षीय इशिता ने इस पोस्ट के जरिए संकेत दिया है कि वह दूसरी बार प्रेग्नेंट हैं। कई लोगों ने उनकी पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए पूछा, क्या परिवार में कोई नया मेहमान आने वाला है? इशिता ने अभी तक कोई सीधा खुलासा नहीं किया है। इशिता और वत्सल की शादी 2017 में हुई थी। इशिता ने अपनी शादी के 6 साल बाद जुलाई 2023 में एक प्यारे से बच्चे को जन्म दिया।

## बीआइटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में मौजूद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



# संस्कृत की तरह तमिल भी सबसे पुरानी भाषा : प्रधान



**वाराणसी।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि संस्कृत की तरह तमिल भी देश की सबसे पुरानी भाषा हैं, जो सांस्कृतिक एकता दिखाने का सबसे बड़ा मिसाल हैं। काशी-तमिल संगमम एक सांस्कृतिक उत्सव है। इसका उद्देश्य उत्तर भारत और दक्षिण भारत की विविध पारंपरिक और सांस्कृतिक प्रथाओं को एक साथ लाना है। केन्द्रीय मंत्री यहां नमोघाट पर आयोजित काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन के साथ केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने बटन दबाकर संगमम का उद्घाटन किया।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि प्रयागराज का महाकुंभ हम सभी के जीवन में सौभाग्य लेकर आया है। प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री योगी और मुझे संगमम के अतिथियों को कुंभ क्षेत्र में रहने और दर्शन कराने दायित्व सौंपा है। इस बार के महाकुंभ ने समस्त सनातनियों में जागृति पैदा की है।विशेकर समाज का सामान्य वर्ग और युवा वर्ग ने महाकुंभ दर्शन का संकल्प लिया है, ऐसा प्रतीत होता है।

उन्होंने कहा कि तमिल अतिथियों को इस बार बाबा विश्वनाथ के साथ महाकुंभ मेला तथा अयोध्या स्थित राममंदिर में दर्शन करने का अवसर मिलेगा। अयोध्या राममंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के बाद आयोजित इस तमिल समागम के अतिथि भी भाग्यशाली हैं कि आपको वहां दर्शन का सौभाग्य मिलेगा। इस बार का महाकुंभ न केवल भारतीय बल्कि पूरी दुनिया के सनातनियों में नयी ऊर्जा का संचार किया है। केन्द्रीय मंत्री ने समागम में आम बजट में उल्लेखित नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी तथा 22 भाषाओं के डिजिटल कुम्भ के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार के केंद्रीय बजट में पहली बार प्राविधान किया गया है कि एआई के माध्यम से देश की महान ग्रन्थों को संरक्षित किया जाएगा।

केन्द्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री के पंच प्रण को दोहराते हुए 2047 तक विकसित भारत की बात कही। कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा को अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए हमें इसे मूर्त रुप देना है।

समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर और दक्षिण के लोगों के सांस्कृतिक व धार्मिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए आयोजित समारोह को सराहा। उन्होंने कहा कि संगमम हमारे लिए एक भारत, श्रेष्ठ भारत, के प्रधानमंत्री मोदी के विजन को आगे बढ़ाने के महायज्ञ का भाग है। यह आयोजन इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन महाकुंभ प्रयागराज में चल रहा है। इस कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके (पीएम मोदी) नेतृत्व में लगातार तीसरी बार काशी तमिल संगमम का बाबा विश्वनाथ की पावन धरा पर शुभारंभ हो रहा है। नए भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ाते हुए महर्षि अगस्त्य को केंद्र में रखकर इस बार के काशी तमिल संगमम का थीम रखा गया है। माता सीता को खोजने में व राम-रावण युद्ध में 'आदित्य स्त्रोत' देने वाले महर्षि अगस्त्य है। उन्होंने कहा कि उत्तर से दक्षिण को जोड़ने का अभिनंदनीय कार्य महर्षि अगस्त्य ने किया। महर्षि अगस्त्य का तमिलनाडु के घर-घर में सम्मान है तो काशी और उत्तराखंड में भी है। देश को पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण को जोड़ने का जो कार्य कभी आदि शंकराचार्य ने किया था, वहीं कार्य आज के परिवेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'काशी तमिल संगमम' कार्यक्रम के माध्यम से एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार कर रहे है। समारोह में केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ एल. मुरुगन ने अतिथियों का स्वागत कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना साकार हो रही है।

## काशी तमिल संगमम एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** भारत की



विविधता में एकता की भावना को प्रकट करने वाला काशी तमिल संगमम 2025 एक बार फिर सांस्कृतिक और आध्यात्मिक समागम का अवसर प्रदान कर रहा है। इस आयोजन के माध्यम से उत्तर और दक्षिण भारत के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। इस आयोजन के लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को समर्पित कार्यक्रम है। सभी देशवासियों से इसका हिस्सा बनना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस आयोजन को लेकर एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक संदेश साझा किया, जिसमें उन्होंने कहा कि काशी तमिल संगमम... शुरू हुआ काशी और तमिलनाडु के बीच शाश्वत सभ्यतागत संबंधों का उत्सव। यह मंच सदियों से पनप रहे आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों को एक साथ लाता है। यह एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को भी उजागर करता है। अपने संदेश में उन्होंने सभी से काशी तमिल संगमम 2025 का हिस्सा बनने की अपील भी की।

Hit लिस्ट

## कतर के अमीर शेख तमीम 17-18 फरवरी को भारत की राजकीय यात्रा पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी 17-18 फरवरी को भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे।



उनके साथ मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा। कतर के अमीर की यह दूसरी भारत यात्रा होगी। इससे पहले मार्च 2015 में वह भारत की राजकीय यात्रा पर आए थे। भारत के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए आज यहां बताया कि कतर के अमीर का 18 फरवरी को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। अपनी यात्रा के दौरान वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ विचार-विमर्श करेंगे, जो उनके सम्मान में भोज का आयोजन भी करेंगी। वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे।

## प्रधानमंत्री आज दिल्ली में भारत टेक्स 2025 में भाग लेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को शाम 4 बजे नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत टेक्स-2025 में भाग लेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। इसमें 120 से अधिक देशों के नीति निमार्ता और वैश्विक सीईओ, प्रदर्शक, अंतरराष्ट्रीय खरीदार भाग लेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि भारत टेक्स 2025, एक व्यापक स्तर का वैश्विक कार्यक्रम है और इसका आयोजन 14-17 फरवरी को भारत मंडपम में किया जा रहा है।

## भारत-चाड विदेश कार्यालय परामर्श के पहले दौर में द्विपक्षीय रिश्तों को गहरा करने पर बनी सहमति

# वैश्विक महत्व के प्रमुख मुद्दों पर गहन चर्चा की और विचारों का आदान-प्रदान किया

**नई दिल्ली।** भारत-चाड विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) का पहला दौर 13 फरवरी 2025 को चाड गणराज्य के एनह्लदजामेना में आयोजित किया गया, जिसकी सह-अध्यक्षता सेवाला नाइक मुडे, अतिरिक्त सचिव (मध्य और पश्चिम अफ्रीका), विदेश मंत्रालय, भारत सरकार और फातिम अल्दजिनेह गरफा, विदेश मामलों के लिए मंत्री प्रतिनिधि, चाड गणराज्य ने की। भारत के विदेश मंत्रालय ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि एफओसी के दौरान दोनों पक्षों ने व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य और फार्मास्यूटिकल्स, शिक्षा, क्षमता निर्माण, रक्षा, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई), कृषि, लोगों से लोगों के बीच संपर्क और सांस्कृतिक आदान-प्रदान सहित द्विपक्षीय सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों




को शामिल करते हुए भारत-चाड संबंधों के संपूर्ण दायरे की व्यापक समीक्षा की। दोनों पक्षों ने बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग बढ़ाने के लिए प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के प्रमुख मुद्दों पर गहन चर्चा की और विचारों का आदान-प्रदान किया। विदेश मामलों के लिए मंत्री प्रतिनिधि फातिम अल्दजिनेह गरफा ने अफ्रीकी संघ को जी-20 का स्थायी सदस्य बनाने में भारत के प्रयासों की गहरी सराहना की और माना कि अफ्रीकी संघ के लिए जी-20 की सदस्यता मंच पर वैश्विक दक्षिण की स्थिति को मजबूत करेगी। यात्रा के दौरान मुडे ने चाड के प्रधानमंत्री और सरकार के प्रमुख राजदूत अल्लाह मे हलीना, सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री डॉ अब्देलमदजीद अब्देलकेरिम, दूरसंचार, डिजिटल अर्थव्यवस्था और डिजिटलीकरण मंत्री बौकर मिशेल, कृषि उत्पादन और औद्योगिकीकरण मंत्री केधा बल्ला, वाणिज्य और उद्योग मंत्री गुइबोलो फंगा मैथ्यू और खान, पेट्रोलियम और भूविज्ञान मंत्री एनडोलेनोजी एलिक्स नैम्बई से भी मुलाकात की। भारत और चाड के बीच आपसी सम्मान और साझा मूल्यों पर आधारित मधुर और सौहार्द्रपूर्ण संबंध हैं। पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच विभिन्न स्तरों पर नियमित बातचीत होती रही है। दोनों पक्षों ने कृषि, फामाकोपिया सहित फार्मास्यूटिकल्स, तेल, नवीकरणीय ऊर्जा और रक्षा सहित सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान की है। 2018-19 में द्विपक्षीय व्यापार 513.59 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था, लेकिन भारत द्वारा कच्चे तेल के आयात में गिरावट के कारण यह घटकर 83.48 मिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया है। चाड में लगभग 45 भारतीय कंपनियां हैं, जो ज्यादातर तेल परियोजनाओं, अंतरराष्ट्रीय संगठनों में काम कर रही हैं और कई चाड में व्यापार में लगी हुई हैं।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)